हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 24 नवंबर 2024

# मेट्रो सिटी

# नागपुर जिले में महायुति को भारी बहुमत

## > 10 सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर कांग्रेस विजयी

**नागपुर।**

शनिवार को घोषित हुए नागपुर जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों में से 10 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा और दो विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है.

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से जीत गये हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस उम्मीदवार प्रफुल्ल गुडाधे पाटिल को 39,710 मतों के अंतर से हराया है। फडणवीस को 1,29,401 वोट मिले, जबकि पाटिल को 89,691 वोट मिले। हालांकि 2019 के चुनाव में उन्होंने इससे अधिक मतों के अंतर के साथ जीत हासिल की थी। इस चुनाव में उपमुख्यमंत्री की जीत का अंतर पिछले चुनाव के मुकाबले 9,643 मत कम है.



नागपुर उत्तर विधानसभा चुनाव नतीजों को बड़ी उत्सुकता से देखा जा रहा था. अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर कांग्रेस और भजपा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली. उत्तर नागपुर को कांग्रेस के लिए अभेद्य किला माना जाता है इस सीट पर सबसे ज्यादा 26 उम्मीदवार थे. मुख्य मुकाबला कांग्रेस के नितिन राउत और बीजेपी के मिलिंद माने के बीच था. इस सीट से नितिन राउत 127877 वोट से जीत गए है. नागपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 2024 के चुनाव में कड़ा मुकाबला देखने को मिला. कांग्रेस के मौजूदा विधायक विकास ठाकरे, बीजेपी के सुधाकर कोहले, वंचित बहुजन अघाड़ी के यश गौरखेड़े, बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश गजभिये और निर्दलीय उम्मीदवार नरेंद्र जिचकर प्रमुख दावेदार थे. पिछली बार विकास ठाकरे सात हजार से भी कम वोटों से जीते थे, इसलिए बीजेपी को इस साल अपना गढ़ फिर से हासिल करने की उम्मीद थी. लेकिन विकास ठाकरे 6173 वोटों से जीत गए हैं. उन्होंने अपना किला कायम रखा है.

मध्य नागपुर में बीजेपी के प्रवीण दटके, कांग्रेस के बंटी शेलके और निर्दलीय उम्मीदवार रमेश पुणेकर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला. मध्य नागपुर में करीब 20 उम्मीदवार मैदान में थे. पिछले तीन बार से इस सीट पर बीजेपी का दबदबा है. यह दबदबा इस बार भी कायम रहा. मध्य नागपुर में बीजेपी के प्रवीण दटके 11516 वोटों से जीते. वहीं पूर्व नागपुर विधानसभा क्षेत्र में कृष्णा खोपड़े 163390 मतों से विजयी हुए हैं. इसके अलावा रामटेक विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना के आशीष जैस्वाल 107967 वोटों से चुनाव जीत चुके है. कामठी विधानसभा क्षेत्र से चंदशेखर बावनकुले 174979 वोट से विजय प्राप्त की है.

उमरेड विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के संजय मेश्राम ८५३७२ चुनाव जीते है. सावनेर से विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के आशीष देशमुख 118906 मतों से विजयी हुए है. काटोल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के चरणसिंह ठाकुर 104338 मतों से विजयी हुए है. हिंगना से भाजपा के समीर मेघे 160206 मतों से विजयी हुए है.

# सर्विस करने के बहाने युवक ने उड़ाई बाइक

**नागपुर।**

दुपहिया गाड़ी सर्विस करने के बहाने एक अज्ञात युवक गाड़ी को लेकर फरार हो गया. जुनी कामठी पुलिस थाने के शास्त्री चौक परिसर में यह घटना हुई.

जानकारी के अनुसार 18 नवंबर 2024 की रात करीब 8.10 बजे के दौरान शास्त्री चौक सलीम होटल के पास फरियादी मुस्तकीन अहमद कुरेशी (34) के घर में एक 20 से 25 आयु वर्ग का युवक पहुंचा और उसने मुस्तकीन को बताया कि तुम्हारे पिता ने उनकी एक्टिवा गाड़ी (क्र.एमएच 40 /सी 5687) को सर्विस करने के लिए उसे भेजा है। जब मुस्तकीन के पिता रात में घर वापस आए और गाड़ी के बारे में पूछताछ की तब उन्हें धोखाधड़ी होने की बात का पता चला। इसके बाद इसकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया है.

# बीमारी दूर करने के बहाने उड़ाए सोने के आभूषण

**नागपुर।**

कोराडी पुलिस थाना अंतर्गत आर्य नगर स्थित पवनसुत सोसायटी में रहने वाली एक महिला से नंदी बैल लेकर घर में आए दो अज्ञात आरोपी बीमारी दूर करने के बहाने पूजा के नाम पर महिला के 33000 के सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए. पुलिस ने फरियादी विजय गजानन साखरवाडे (50) की शिकायत पर धोखाधड़ी के तहत यह मामला दर्ज किया है.



जानकारी के अनुसार 20 नवंबर की दोपहर करीब 12:20 बजे के दौरान एक बैल लेकर दो अज्ञात आरोपी प्लाट नंबर 104 आर्य नगर स्थित पवनसुत सोसायटी में पहुंचे. जहां फरियादी के घर के सामने रुक कर उन्होंने विजय की बेटी को नंदी बैल के लिए घर से रोटी लाने के लिए कहा.

इस दौरान विजय की पत्नी घर से बाहर आई और उसे देखते ही इन दोनों आरोपियो ने उसकी बीमारी दूर करने के लिए पूजा करने का बहाना किया. इस तरह महिला का विश्वास हासिल कर उसके पास के सोने के 33000 के गहने लेकर फरार हो गए. पुलिस ने इस मामले की शिकायत मिलने के बाद इन दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है.

# 6 अवैध शराब विक्रेता दबोचे गए

## > 1,36,100 रुपये का माल जब्त

**नागपुर।**

विविध थाना क्षेत्रों में अवैध शराब अड्डों पर पुलिस ने छापा मार कार्रवाई की. इस दौरान अवैध शराब बेचने वाले 6 विक्रेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया. छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं से देशी व महुआ शराब समेत कुल 1,36,100 रुपये

का माल जब्त कर लिया.



पकड़े गए आरोपियों में रहमत नगर सोनेगांव निवासी 34 वर्षीय शेख सलीम शेख चाँद, निलेश आबाजी गजभिए (33) दुग्धामना वाडी, डिप्टी सिग्नल पूजारामवाडी निवासी 39 वर्षीय महादेव रमेश हटवार, पोला मैदान बिनाकी मंगलवारी निवासी 44 वर्षीय भगवान गोविंदा निमजे और दादू महाजन अखाड़ा निवासी उषाबाई आकाश पौनिकर (43), और तुलसी नगर वाठोड़ा निवासी 22 वर्षीय मोहित रामनाथ नंदनवार का समावेश है.

# नाबालिग बाइक चोर को पुलिस ने पकड़ा

**नागपुर।**

क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने गोपनीय जानकारी के आधार पर नंदनवन पुलिस थाना अंतर्गत चोरी हुई एक दुपहिया वाहन मामले में लिप्त नाबालिग को पकड़ा है। उसके पास से चोरी की दुपहिया वाहन भी पुलिस ने बरामद की है.

जानकारी के अनुसार 18 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे के दौरान नंदनवन के कीर्तिधर सोसाइटी, वाठोडा लेआउट निवासी फरियादी सौरभ रामाजी बोरकर (28) की गाड़ी (क्र.एमएच 49 / एवाई 3267) को अज्ञात चोर श्री कृष्ण नगर स्थित दानिश लॉन से चोरी कर ले गया था. इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी.

च के दौरान ही क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के आधार पर नाबालिक की पहचान कर उसे हिरासत में लिया. पूछताछ में उसने चोरी करने की कबूली दी. इसके बाद पुलिस ने चोरी की दुपहिया वाहन भी उसके पास से बरामद की है. चोरी की गाड़ी सहित नाबालिक को आगे की कार्रवाई के लिए नंदनवन पुलिस के हवाले किया गया है.

# यह जनता और कार्यकर्ताओं की जीत

## > सावनेर-कलामेश्वर क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक डॉ. देशमुख ने कहा

**नागपुर।**

मुझे यकीन था कि मैं अपने सावनेर-कलामेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में विधायक के रूप में चुना जाऊंगा. मेरा विश्वास यहां के लोगों में है और वे भी बदलाव चाहते थे. मैं इस क्षेत्र के लोगों से वादा करना चाहता हूं कि एक विधायक के रूप में मेरा प्रदर्शन मजबूत होगा. किसानों, खेत मजदूरों, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पीड़ितों, महिलाओं और विशेषकर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं बहुत अच्छा प्रदर्शन करूंगा और उसके माध्यम से हमारे सावनेर-कलमेश्वर क्षेत्र के लोगों को न्याय दिलाने का काम करूंगा. उक्त विचार सावनेर-कलमेश्वर क्षेत्र से विजयी हुए भाजपा के उम्मीदवार डॉ.आशीष देशमुख ने व्यक्त किये.



डॉ.देशमुख ने कहा, पिछले तीस वर्षों में सुनील केदार ने इस क्षेत्र को विनाश की ओर ले जाने का काम किया है, इसलिए यहां के लोगों ने न केवल बदलाव किया है, बल्कि यहां के विकास को एक नई दिशा दी है, ये मैंने देखा है. इस चुनाव में एजेंडा और मैं इस क्षेत्र को बदलने के लिए मुझ पर विश्वास करके लोगों के सामने गया. मुझे यकीन है कि यह परिवर्तन है यह लोगों की भलाई के लिए किया गया है और मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा.

मैं निश्चित रूप से पूरे सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र को न केवल विदर्भ, बल्कि पूरे महाराष्ट्र में विकास के मामले में नंबर एक क्षेत्र बनाने के लिए काम करूंगा। मेरा फोकस नए उद्योगों और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, क्षेत्र में बदमाशी को खत्म करने पर होगा। मैं क्षेत्र की जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ काफी हद तक पहुंचाने जा रहा हूं. मेरा प्रदर्शन दमदार रहेगा.

डॉ.देशमुख ने कहा, मैं केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखरबावनकुले, भाजपा एवं महायुति के सभी नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूँ. यह जीत मेरे क्षेत्र के लोगों और कार्यकर्ताओं की जीत है.

डॉ.देशमुख ने सावनेर-कलामेश्वर क्षेत्र से कांग्रेस के सुनील केदार को हराया. इस समय हजारों की संख्या में मिठाइयां, आतिशबाजी, डीजे, ढोल-नगाड़े के साथ डॉ.देशमुख का भव्य विजय जुलूस निकाला गया.

इस अवसर पर डॉ.आयुश्री आशीषराव देशमुख, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ.राजीव पोतदार, मनोहर कुंभारे, रामराव मोवाडे, अशोक धोटे, किशोर चौधरी, हृदय देशमुख, जिगर देशमुख सहित कई प्रमुख नेता एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. इस बीच डॉ.आशीष देशमुख को उनकी जोरदार जीत के लिए हर स्तर से बधाई दी जा रही है.




































# आशीष देशमुख ने सावनेर में रचा इतिहास

### > 26 हजार वोटों से बड़ी जीत

**सावनेर.**





महाराष्ट्र की सबसे हॉट सीट मानी जाने वाली सावनेर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. आशीष देशमुख ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस की प्रत्याशी अनुजाताई सुनील केदार को करीब 26 हजार वोटों के भारी अंतर से हराकर यह सीट अपने नाम की। इस जीत के साथ ही उन्होंने सुनील केदार के 30 साल के राजनीतिक दबदबे को तोड़ते हुए कांग्रेस का किला ध्वस्त कर दिया।

भाजपा के उम्मीदवार आशीष देशमुख और उनकी टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक प्रचार शैली अपनाई और इसे अंत तक बनाए रखा। दूसरी ओर, कांग्रेस के समर्थक अंत तक सुनील केदार से किसी चमत्कार की उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन इस बार जनता ने बदलाव का फैसला किया और भाजपा को भारी समर्थन दिया।

मतगणना सावनेर के औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में सुबह 7 बजे पोस्टल बैलट की गिनती से शुरू हुई। इसमें भाजपा के आशीष देशमुख ने बढ़त हासिल की। इसके बाद ईवीएम की गिनती शुरू हुई, जहां पहले ही राउंड से आशीष देशमुख ने बढ़त बनानी शुरू कर दी, जो अंतिम राउंड तक जारी रही। सावनेर विधानसभा क्षेत्र के सभी सर्किलों में उन्होंने बढ़त बनाए रखी।

इस जीत के साथ आशीष देशमुख ने 1995 में अपने पिता रणजीतबाबू देशमुख और 2009 में खुद की हार का बदला पूरा कर लिया।

जैसे-जैसे आशीष देशमुख की बढ़त बढ़ती गई, कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल गहराता गया। भाजपा के झंडे लहराते हुए कार्यकर्ताओं ने "वारे कमल, आगया कमल" के नारे लगाए। जगह-जगह पटाखे फोड़े गए और मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया।

#### भव्य विजय जुलूस निकाला गया

मतगणना समाप्त होते ही डॉ. आशीष देशमुख ने भाजपा प्रचार कार्यालय से एक भव्य विजय जुलूस निकाला। यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, जहां उन्होंने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा के प्रमुख नेता मनोहर कुंभारे, रामराव मोवाडे, अड. अरविंद लोधी, किशोर चौधरी, राजू भुजाडे, राजू घुगल, मंदार मंगले, निखिल पोटभरे, राजू कांबे, रविंद्र ठाकूर, बंटी महाजन, सोनू नवधिंगे सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे। इस ऐतिहासिक जीत ने सावनेर की राजनीतिक दिशा बदल दी है और भाजपा कार्यकर्ताओं के जोश को नई ऊंचाई दी है।

# वा रे कमल आ गया कमल

### > चरणसिंह ठाकुर की जीत पर कोंढाली में भव्य विजयोत्सव

### > विक्रमी मतों से चरणसिंग ठाकुर की जीत

**कोंढाली.**



राज्य के विधानसभा चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आये जिसमें महायुती (भाजपा) के चरणसिंग ठाकूर भारी मतों विजयी हुऐ. चरणसिंग ठाकूर के विजय की घोषणा होते ही कोंढाली सहित ग्रामीण आंचल में गांव गांव में विजयोत्सव मनाया गया. इस विजयोत्सव में महायुती (भाजपा शिवसेना शिंदे, एन सी पी अजित पवार)के सभी घटक दलों के पदाधिकारीयों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा पटाखोंके आतिषबाजी, ढोल ताशा के प्रचंड गर्जना के यहाँ के भाजपा कार्यालय से बस स्टेशन, चांदणि चौक, दाणा गंज, राम नगर उमाठे नगर, बाजार चौक, शनिवार पेठ, विठ्ठल मंदिर मार्ग, राम मंदीर मार्ग, सराफा ओली, मेडिकल चौक से भव्यतम् रैली निकाली गयी. विक्रमी मतों से चरणसिंग ठाकूर जीते काटोल विधानसभा के चुनाव क्षेत्र में अब तक हुऐ मतदान में 2019 को अनिल देशमुख को 98 हजार से अधिक वोट अब तक सबसे अधिक वोट थे. 2024 के विधानसभा के चुनाव में 1,3,616 वोट लेकर अब तक के विक्रमी मतों से चरणसिंग ठाकूर को काटोल विधानसभा के मतदाओं ने जनाशिर्वाद देकर विजयी बनाया.

# महायुती की जीत का फैक्टर बनी लाडली बहन योजना - महिला भाजपा



**कामठी.**

महाराष्ट्र विधानसा चुनाव 2024 में महायुति की इस जीत में सबसे बड़ा रोल लाडली बहिन योजना का है. इस योजना के शुरू होने पर ही सरकार ने ऐलान कर दिया था कि विधानसभा चुनाव में यह बहुत बड़ी योजना साबित होगी. उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए भाजपा महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने व्यक्त कर कहा कि इस बार महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनका झुकाव महायुति के कामठी - मौदा विधानसभा चुनाव सीट भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा प्रत्याशी विकास पुरुष चंद्रशेखर बावनकुले की ओर दिखा. खास बात यह रही कि इस बार महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों से कहीं ज़्यादा रही.राज्य में पहली बार महिला वोटरों में बड़ी संख्या में मतदान किया. लाडकी बहिन योजना की राशि बढ़ाने का वादा महायुति किया था. उन्होंने कहा कि चुनावों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के पीछे 'लाडली बहन योजना' को माना गया.

हालांकि महायुति का दांव महाराष्ट्र में काम कर गया. विधानसभा चुनाव में महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में भाजपा को वोट डाले गए. भाजपा महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले द्वारा बहुमतों से जीत हासिल करने पर आतिशबाज़ी कर खुशियां मनाई. भाजपा महिलाओं में संगीता सचिन अग्रवाल, रोशनी कानफाड़े, प्रीति कुलरकर सुषमा शिंदे, किरण मनवाड़कर, गायत्री यादव, प्रभा राउत, चंदा तुरस्कार, भारती मेश्राम, नंदा बारई, कुंदा रोकड़े, शुभांगी, ममता शर्मा, लता शर्मा, सुषमा शिलाम, रेखा झंझाड़, रेखा गिरी आदि प्रमुखता से मौजुद रहीं.

# सरपंच साबरे ने रोड शो कर के मतदाताओं का जताया आभार

**कामठी.**



विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कामठी - मौदा विधानसभा चुनाव सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार रखते हुए चौथी बार जनादेश प्राप्त कर जीत का परचम लहराने वाले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा के उम्मीदवार विधायक चंद्रशेखर बावनकुले द्वारा बहुमतों से जीत हासिल करने पर रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने अपने समर्थकों सहित गांव क्षेत्र में डीजे की धुन पर पैदल रोड शो निकालकर वोटरों को भाजपा में अपना विश्वास दिखाने के किए धन्यवाद किया. इस दौरान समर्थकों ने लड्डू बांटे व आतिशबाजी की तथा डीजे-ढोल की धाप पर भंगड़ा डालते हुए नजर आए. इस दौरान सरपंच पंकज साबरे ने पार्टी वर्करों का भी आभार व्यक्त किया.

इस मौके पर पंकज साबरे ने कहा कि वह जमीनी स्तर पर जाकर नवनिर्वाचित विधायक चंद्रशेखर बावनकुले द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान करवाएंगे तथा विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में सर्वपक्षीय विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी.

इस मौके पर सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, उपसरपंच अंकिता कोविद तलेकर, पूर्व उपसरपंच आरती चेतन कुल्लरकर, भाजपा तालुका महामंत्री व ग्राम पंचायत सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, रणाला भाजपा अध्यक्ष सुनील मोहोड़, ग्राम पंचायत के सदस्य अरविंद डोंगरे, सदस्य आमिर खान, स्वप्निल फुकटे, सदस्य मंगला अशोक ठाकरे, सदस्य सुनीता नंदेश्वर, इंदु पाटील, रश्मि चौधरी, सदस्य स्मिता महेंद्र भोयर, पूर्व सदस्य नरेश उर्फ बिट्टू चकोले, पूर्व सदस्य मनोज धानोरकर, पूर्व सदस्य बंटी तामसेटवार, दिव्यांग फाउंडेशन सचिव बॉबी महेंद्र, बीएसएफ सेवानिवृत शेषराव अढाऊ, अजय ठाकुर, भारती ठाकरे, अधविता घोरमारे आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें.

# विधायक खोपड़े की अभूतपूर्व जीत पर दी बधाई



**नागपुर.**

सहकार्य मंच अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पूर्व नगरसेवक हितेश जोशी, अशोकदादा सावरकर, पवन पोद्दार, महेन्द्र कटारिया, अरविंद पटेल, मधुसूदन सारडा, संदीप डेंगला, अमृत पटेल ने विधायक कृष्णा खोपड़े को उनकी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के पूर्व नागपुर की उम्मीदवारी पर अभूतपूर्व जीत पर सतरंजीपुरा में पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# भीलगांव में बावनकुले की जीत के बाद जश्न का माहौल



**कामठी.**

भीलगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे जलाकर जश्न मनाया. कामठी - मौदा विधानसभा चुनाव सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की जीत के बाद कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए. आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और उत्साह प्रकट किया.

चंद्रशेखर बावनकुले की जीत पर खुशियां मनाने वालों में भीलगांव से ज़िला परिषद सदस्य मोहन माकडे, ज़िला भाजपा उपाध्यक्ष लतेश्वरी ब्रह्मा काले, भीलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे, पूर्व अध्यक्ष प्रशांत नायडू, महिला आघाड़ी भीलगांव अध्यक्ष सुचिता वाड़ीभस्मे मेश्राम, तहसील महामंत्री ब्रह्माजी काले, तहसील महामंत्री रजनी राजेश भनारे, उपसरपंच मनोज जीभकाटे, ग्रापं सदस्य आशीष भनारे, तहसील अल्पसंख्यक सेल अध्यक्ष अफ़सर खान, महाराष्ट्र तैलिक समाज शाहू महासभा महासचिव सुभाष श्रीराम घाटे, टीपी गुप्ता, एकनाथ भनारे, योगेश भनारे, शालिक बंजारी, नितेश भनारे, रमेश सेलोकर, मनोज लोहिया परमात्मा एक सेवक संघ भीलगांव अध्यक्ष राजेश भनारे, समाजसेवी ईश्वर महाकालकर, समाजसेवी दीपक गुप्ता आदि का समावेश रहा.

# अगले हफ्ते औलिया कुलसुम अम्मा का उर्स

### > 1 दिसंबर को आम लंगर

**कोंढाली.**



नागपुर -मुंबई राजमार्ग 53(06) पर कोंढाली स्थित सभी धर्मों के भाविकों के पूजा स्थल औलिया कुलसुम अम्मा का उर्स 29 और 30 नवंबर और 1 दिसंबर को कोंढाली में आयोजित किया गया है. नागपुर-अमरावती राजमार्ग पर बस स्टेशन के सामने आयोजीत इस सर्व धर्मिय समभाव के प्रतिक कुलसम अम्मा के दरगाह पर 28 नवंबर को गुस्ल और मिलाद किया जाएगा और 29 नवंबर को दोपहर 3 बजे निशान पोशी की जायेगी. निशान पोशी के बाद कोंढाली नगर पंचायत के बस स्टेशन, चांदणी चौक,दाणा गंज, पोलीस स्टेशन मार्ग, राम नगर, उमाठे नगर, राऊत पुरा, बाजार चौक,टका देवस्थान, नगर पंचायत, शनिवारपेठ, विठ्ठल मंदिर, राम मंदिर, सराफा ओली, मेडिकल चौक, होता हुआ मुख्य मार्ग से निकालात गया संदल नगर में गस्त करता हुआ अम्मा के दरगाह पहूंचने पर चादर चढाई जायेगी. 1 दिसंबर को अम्मा की दरगाह क्षेत्र में आम लंगर का आयोजन किया गया है. आयोजन समिति ने अपील की है कि सभी नागरिक /भाविकों द्वारा आम लंगर (महाप्रसाद) का लाभ उठायें.

# महायुति की अभूतपूर्व विजय



**वाडी.**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व मे महायुती को महाराष्ट्र में यह सफलता मिली हैं.इस चूनाव से शिंदे की ही शिवसेना असली है यह सिद्ध हुवा है. लाडली बहना, किसानो के हित मे निर्णय,सभी समाज का सहकार्य से यह ऐतिहासिक विजय मिला हैं. इस विजय जश्न को मनाने शिवसेना सह संपर्कप्रमुख हीं. वि दिवाकर पाटणे, सुरेश लंगडे. आशिष गणोरकर,सुरेश तोटे, प्रदीप शुक्ला,अमोल कुरलकर, रत्नाकर लंगडे, विलास श्रीखंडे, प्रकाश लंगडे, मनोज अखंड, हितेश पटेल, संजय बेलेकर, पद्माकर कुरालकर, निलेश कुसरे, खुशाल चवरे,रहिष पांडे, नरेंद्र शिंदे,सचिन मेघे आदि ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया।

# बावनकुले की जीत पर आतिशबाजी कर भाजपा ने मनाया जश्न

**कामठी.**



विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले के भारी बहुमतों से जीत पर शनिवार को भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई.

एक-दूसरे को लड्डू खिलाए. भाजपाइयों ने कहा कि यह जीत विकास की जीत है. भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास की नीति के साथ काम किया है. भाजपाइयों ने एक-दुसरे को मिठाई खिलाकर चंद्रशेखर बावनकुले के चुनाव में जीत का जश्न मनाया.

भाजपा प्रत्याशी चंद्रशेखर बावनकुले के विजयी होने पर भाजपा के ज़िला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, व्यापार आघाड़ी ज़िला संयोजक रवि गोयल, जिला मंत्री सुनील खानवानी, ज़िला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, तालुका अध्यक्ष उमेश रडके, ज़िला परिषद सदस्य मोहन माकड़े, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, ज़िला उपाध्यक्ष लतेश्वरी काले, भीलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे, शहर कार्याध्यक्ष राज हाड़ोती, पूर्व शहर अध्यक्ष चंद्रशेखर तूप्पट, शहर महामंत्री विनोद संगेवार, शहर महामंत्री विजय कोंडुलवार, संपर्क प्रमुख पंकज वर्मा, प्रसिद्धि सहप्रमुख आशुतोष अवस्थी, तालुका अल्पसंख्यक सेल अध्यक्ष अफ़सर खान, तालुका महामंत्री ब्रह्माजी काले, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश स्वामी, मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव, पूर्व सदस्य प्रमेंद्र यादव, नगर परिषद पूर्व सभापति श्रावण केझरकर, खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बंडू कापसे, अजय पांचोली, भाजपा शहर पूर्व कार्याध्यक्ष संगीता सचिन अग्रवाल, प्रभा रोकड़े, संध्या उज्ज्वल रायबोले, तालुका भाजयुमो महामंत्री प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, रणाला भाजपा अध्यक्ष सुनील मोहोड़, भीलगांव भाजपा पूर्व अध्यक्ष प्रशांत नायडू, महाराष्ट्र तैलिक शाहू महासभा महासचिव सुभाष श्रीराम घाटे एवं बरिएमं के ज़िला महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, छावनी क्षेत्र बरिएमं अध्यक्ष व छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लांजेवार, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सीरिया, शहर अध्यक्ष दीपांकर गणवीर, पूर्व नगरसेविका सावला सिंगाड़े गजभिये,अशफ़ाक कुरैशी ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत के साथ चंद्रशेखर बावनकुले विकास पुरुष के विकास कार्यों की जीत हुई है.

#### लोगों ने अपने वोट से विपक्षियों को जवाब दे दिया है

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है. महाराष्ट्र की जीत ने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री भारतीय राजनीति में अजेय थे, अजेय हैं और अजेय ही रहेंगे. उन्होंने कहा विपक्षियों ने खूब षडयंत्र रचा, लेकिन लोगों ने अपने वोट से विपक्षियों को जवाब दे दिया है. चंद्रशेखर बावनकुले की ये ऐतिहासिक जीत है.

# महायुति की ऐतिहासिक जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम

### > 'लाडकी बहन' योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का असर

**नागपुर.**



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति और भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत राज्य और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की सफल क्रियान्वयन के साथ कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है। यह बयान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को दिया।

महायुति की शानदार जीत के बाद गडकरी ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान भाजपा के शहर अध्यक्ष जितेंद्र कुकड़े और पार्टी नेता संजय भेंडे भी उपस्थित थे। गडकरी ने कहा, भाजपा-महायुति को मिली अभूतपूर्व जीत बेहद खुशी की बात है। भाजपा के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा विजय है। नागपुर शहर, जिला और पूरे विदर्भ में महायुती के उम्मीदवारों ने दमदार प्रदर्शन किया है। इसके लिए एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार समेत सभी विजयी विधायकों को बधाई।

गडकरी ने आगे कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा पर संविधान बदलने के झूठे आरोप लगाए गए और बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार किया गया। लेकिन किसानों, मजदूरों और आम जनता ने जाति-धर्म की राजनीति को नकारते हुए मतदान किया और जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

उन्होंने कहा, "केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना और महाराष्ट्र सरकार की 'लाडकी बहन' योजना की सफलता इस जीत में महत्वपूर्ण रही है।"

# वर्धा जिले की चारों विधानसभा सीटों पर बीजेपी

> कांग्रेस को बड़ा झटका

**वर्धा.**

वर्धा जिले में इस बार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सभी चारों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। देवली विधानसभा सीट से बीजेपी के राजेश बकाने ने कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवार रंजीत कांबले को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। रंजीत कांबले लगातार पांच बार इस सीट से जीतते आ रहे थे, लेकिन इस बार बीजेपी ने इस सीट पर अपना खाता खोल दिया।






वर्धा में पंकज भोयर और हिंगनघाट में समीर कुणावार ने बनाई हैट्रिक

वर्धा विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के डॉ. पंकज भोयर ने जीत दर्ज कर हैट्रिक बनाई। प्रारंभ में कांग्रेस के शेखर शेंडे ने बढ़त बनाई थी, लेकिन 15वें राउंड के बाद पंकज भोयर ने बढ़त हासिल करते हुए विजय दर्ज की। हिंगनघाट सीट पर बीजेपी के समीर कुणावार ने महाविकास अघाड़ी के शरद पवार गुट के उम्मीदवार अतुल वांदिले को हराते हुए लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की।

**आर्वी में सुमित वानखेड़े की जीत**

आर्वी विधानसभा सीट से बीजेपी के सुमित वानखेड़े ने सांसद अमर काले की पत्नी और कांग्रेस उम्मीदवार मयूरा काले को हराया। इस जीत के साथ आर्वी में भी बीजेपी ने अपनी पकड़ मजबूत की।

**देवली में कांग्रेस का अंत, बीजेपी का खाता खुला**

देवली-पुलगांव विधानसभा सीट, जहां कांग्रेस ने पिछले 25 वर्षों से अपनी सत्ता बरकरार रखी थी, इस बार बीजेपी के राजेश बकाने ने इतिहास रच दिया। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रंजीत कांबले को हराकर जीत हासिल की।

### जश्न का माहौल

वर्धा जिले की चारों विधानसभा सीटों पर बीजेपी की जीत से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। जगह-जगह पटाखे फोड़कर, मिठाइयां बांटकर और ढोल-ताशों के साथ जश्न मनाया जा रहा है। इस सफलता का श्रेय बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रामदास तडस, सुरेश वाघमारे, सुनील गफाट, सुधीर दिवे, अविनाश पोहेकर, प्रशांत बुर्ले, राहुल चोपड़ा, किशोर दिघे और अन्य कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया जा रहा है। इस चुनाव के नतीजे वर्धा जिले में बीजेपी की मजबूत पकड़ को दर्शाते हैं और कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका साबित हुए हैं।

# वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन का स्मृति दिवस गणितीय प्रयोग के साथ संपन्न

**वर्धा.**



जिले के इंदिरा हाईस्कूल और भानखेड़ा में जूनियर कॉलेज में 21 नवंबर 2024 की सुबह महान भारतीय वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकट रमन के स्मृति दिवस पर एक गणितीय प्रयोग का आयोजन किया गया। प्रथम वैज्ञानिक सी. वी. रमन की छवि पर दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना कर की गई. इस अवसर पर इंदिरा हाईस्कूल एवं जूनियर कॉलेज के प्राचार्य दीपक कदम ने उनके शोध एवं जीवन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

उसके बाद कक्षा में छात्रों को एक वृत्त का मॉडल दिया गया और दिखाया गया कि परिधि की गणना कैसे करें और त्रिज्या और व्यास की गणना कैसे करें, इसकी जानकारी दी गयी.

विद्याथीयों मे स्वयं प्रयोग किया। कार्यक्रम को राजेश हरणे, शिक्षिका ज्योति सालनकार, शीला वरभे, अपर्णा सोनकुसरे, मधुकर मोहिजे आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अमरावती जिले की छह सीटों पर महायुति की शानदार जीत

> अचलपुर से बच्चू कडू और तिओसा से यशोमति ठाकुर की हार

**अमरावती.**

अमरावती जिले की छह विधानसभा सीटों पर महायुति ने शानदार जीत हासिल की है. विपक्ष के बड़े नेता कहे जाने वाले बच्चू कडु और यशोमति ठाकुर को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है. तिओसा विधानसभा से यशोमति ठाकुर 7974 मतों से भाजपा के राजेश वानखड़े से हार गई हैं. वहीं, अचलपुर में बीजेपी के प्रवीण तायड़े ने 12131 मतों से प्रहार जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक बच्चू कडु को पराजित कर दिया है.

अमरावती विधानसभा में एनसीपी की उम्मीदवार सुलभा खोडके ने 60087 वोट हासिल कर 5413 वोटों से एक कड़े मुकाबले में कांग्रेस के सुनील देशमुख को हराया है. वहीं, बडनेरा में 126496 मत प्राप्त कर महायुति के उम्मीदवार रवि राणा ने स्वतंत्र उम्मीदवार प्रीति बंड को 66397 मतों से हरा दिया है.

# देवेंद्र फडणवीस बनने चाहिए अगले सीएम: अग्निहोत्री

**वर्धा.**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं और महायुति को स्पष्ट बहुमत मिल गया है. राज्य के मतदाताओं ने फिर से महायुति को वोट दिया है और महायुति ने शानदार जीत हासिल की है. भारतीय जनता पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है.

तो अब जनता के बीच अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसकी चर्चा शुरू हो गई है. यह राज्य में बीजेपी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. इसलिए, फड़णवीस का नेतृत्व और अधिक मुखर हो गया है और हर कोई चाहता है कि वह मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार हो, ऐसी सबकी इच्छा है. देवेन्द्र फड़नवीस में संपूर्ण महाराष्ट्र की आत्मा समाहित है और सभी उन्हें एक विद्वान नेता के रूप में जानते हैं।



उन्होंने कई मुद्दों को सफलतापूर्वक संभाला है और उनकी सरकार द्वारा कई विकास कार्य किए गए हैं और कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसलिए पंडित शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने आज के नतीजे के अनुसार प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सभी लोगों की भावना है कि देवेंद्र फड़नवीस ही अगले मुख्यमंत्री हों.

# बुलढाणा में संजय गायकवाड एक बार फिर विजयी

> 1400 वोटों से जयश्री शेलके को हराया

**बुलढाणा.**

बुलढाणा विधानसभा चुनाव में शिवसेना उबाठा की उम्मीदवार जयश्री शेलके और शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ के बीच झड़प देखने को मिली. मतगणना के हर राउंड में कभी संजय गायकवाड आगे होते तो कभी जयश्री शेलके आगे हो रही थीं. आखिरकार 24वें राउंड की वोटिंग के बाद शिवसेना शिंदे विधायक संजय गायकवाड़ 1473 वोटों के मामूली अंतर से जीत गए. इस जीत का कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया.



# साइड न देने पर बस चालक से मारपीट

**गोंदिया.**

गोरेगांव पुलिस थानांतर्गत ग्राम घोटी निवासी एसटी बस चालक फरियादी मो. शाहीद मो. शफी शेख (49) यह 21 नवंबर को सुबह 7.45 बजे के दौरान गोंदिया एसटी बस स्टैंड से बस क्र. एमएच-06/एस-8852 से कंडक्टर एवं यात्रियों को लेकर तिल्ली मोहगांव जाने के लिए रवाना हुआ। तिल्ली मोहगांव में यात्रियों को छोड़कर वापस बस लेकर गोंदिया की ओर आते समय आरोपी मोटरसाईकिल क्र. एमएच-35/एझेड-0115 के पिछे बैठा व्यक्ति एसटी बस के पिछे आ रहा था और वह हॉर्न बजाकर बस से सामने निकलने के लिए साईड मांग रहा था परंतु रास्ता सकरा होने के कारण बस चालक ने उसे आकोटोला बाम्हणी फाटे के पास सड़क चौड़ी होने पर साईड देने एवं यात्रियों को उतारने के लिए बस रोकी तो आरोपी एवं उसके पिछे बैठा व्यक्ति बस के पास आए एवं फरियादी को कैबिन में से खींचकर उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की और शासकीय काम में बाधा निर्माण की। फरियादी की रिपोर्ट एवं मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर गोरेगांव पुलिस ने अपराध क्र. 526/2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 121 (1) 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक सुजित घोलप कर रहे है।



# युवक पर लोहे के पाइप से प्रहार

**गोंदिया.**



देवरी थानांतर्गत ग्राम नवाटोला स्थित महिमा बार के पास नवाटोला निवासी आरोपी आकाश राजेंद्रसिंग बैस (22) एवं निलेश मंगल शाहु (20) ने फरियादी सौरभ गजानन मुनेश्वर (26) को बुलाया। इस दौरान दोनों आरोपियों ने बहन से बात करने की बात को लेकर उसके साथ गालीगलौज कर विवाद किया। इतना ही नहीं तो एक आरोपी ने उसके सिर पर लोहे के पाईप से प्रहार कर दिया। जिसमे वह जख्मी हो गया। यह घटना 20 नवंबर को घटी। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर देवरी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1), 351 (2), 352 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार हिवराज परसमोडे कर रहे है।

# ससुराल पहुंचने पर शिवराजसिंह का स्वागत

**गोंदिया.**



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चव्हाण केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद पहली बार 22 नवंबर की शाम अपनी ससुराल गोंदिया पहुंचे। जहां परिजनों के साथ ही शहरवासियों ने भी उनका आत्मीय स्वागत किया। केंद्रीय कृषि मंत्री विशेष विमान से नागपुर पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से गोंदिया पहुंचे। स्थानीय गोरेलाल चौक पर स्थित मसानी परिवार में उनका आगमन होते ही स्वागत के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। आतिषबाजी कर उनका स्वागत किया गया। भाजपा नेताओं ने बड़े पुष्पहार से शिवराजसिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के नेता दिनेश दादरीवाल, सुनील केलनका, अभय अग्रवाल, राजकुमार तिवारी, पप्पू भादुपोते, महेंद्र पुरोहित, बंटी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

इसी दौरान प्रसार माध्यम प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की महाविजय होगी। बहनों ने राज्य में भाजपा एवं सहयोगी दलों को भरपूर समर्थन दिया है और चुनाव परिणामों से यह बात सामने आ जाएगी।

# आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज

**गोंदिया.**

गोंदिया ग्रामीण पुलिस थानांतर्गत 20 नवंबर 2024 दोपहर 12.15 बजे के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गोंदिया के सामने बायीं ओर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के अपरिचित प्रतिनिधि सार्वजनिक सड़क किनारे निर्धारित संख्या से अधिक कुर्सी एवं टेबल लगाकर उसी प्रकार उम्मीदवारों के दो से अधिक प्रतिनिधि वहां बैठे दिखाई पड़े। उसी प्रकार दोनों पार्टियों के बुथ पर मतदाताओं को चाय एवं नास्ता का वितरण किए जाने की बात दिखाई पड़ी। बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि और मतदाताओं की भीड़ कर चाय नास्ते की आपूर्ति कर मतदाताओं पर प्रभाव डालने की बात सामने आने पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का मामला सामने आने पर गोंदिया के चुनाव निर्णय अधिकारी फरियादी चंद्रभान खंडाईत की ओर से क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत सुरेश बोरसे की लिखित रिपोर्ट पर गोंदिया ग्रामीण पुलिस स्टेशन में अपराध क्र. 540/2024 जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 173, 174 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक प्रिती कुलमेथे कर रही है।

# महायुति प्रत्याशी आकाश फुंडकर 25 हजार वोटों से जीते




**बुलढाणा.** खामगांव विधानसभा क्षेत्र में एड आकाश फुंडकर को 21वें राउंड की समाप्ति के बाद फुंडकर को 1 लाख 1 हजार 213 वोट और दिलीप कुमार सानंदा को 75 हजार 670 वोट मिले. वंचित के देवा हिवराले को 22 हजार 431 वोट मिले. 21वें राउंड में 24 हजार 543 वोटों की बढ़त मिली, पहले राउंड से आकाश फुंडकर आगे चल रहे थे. आखिरी 23वें राउंड में आकाश फुंडकर 25 हजार 619 वोटों की बढ़त के साथ जीते।

# तेज रफ्तार वाहनों पर नहीं स्पीडगन की नजर, नहीं हो पा रही कार्रवाई

**गोंदिया.**

देवरी तहसील के सशिकरण पहाड़ी परिसर से गुजरनेवाले राष्ट्रीय महामार्ग पर पुलिस वाहन को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इस घटना में एक कर्मचारी की मृत्यु भी हुई थी। इस दुर्घटना में स्पीडगन बिगड़ने से राष्ट्रीय महामार्ग पुलिस द्वारा तेज रफ्तार दौड़नेवाले वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय महामार्ग पर तेजी से दौड़नेवाले वाहनों के नियंत्रण पर गति लाने के लिए गोंदिया में स्पीडगन शुरु नहीं है। जिससे वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। तेजी से वाहन दौड़ने के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। तेजी से दौड़नेवाले वाहनों पर नियंत्रण हो, इसके लिए राष्ट्रीय महामार्ग पुलिस को स्पीडगन दी गई थी। स्पीडगन के माध्यम से वर्ष 2024 में जनवरी से जून माह तक लाखों रुपयों का जुर्माना तेज रफ्तार वाहन चालकों से वसूल किया गया था। लेकिन देवरी तहसील के सशिकरण पहाड़ी के समीप राष्ट्रीय महामार्ग पुलिस के वाहन को जुलाई माह में एक ट्रक द्वारा जोरदार टक्कर मार दी गई थी। इस घटना में स्पीडगन भी खराब हो गई। जिससे अब कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पता चला है कि पांच माह से तेज रफ्तार वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे प्रशासन का लाखों रुपए के राजस्व को नुकसान पहुंचा है। स्पीडगन की नजर नहीं होने से दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो गई है।

**वन्यजीव भी होते हैं दुर्घटना का शिकार**

राष्ट्रीय महामार्ग जंगल से गुजरता है। जिसकी वजह से महामार्ग पर जंगली जानवर मार्ग पार करते हुए भी अनेकों बार दिखाई दिए हैं। तेज रफ्तार वाहन के सामने अचानक वन्यजीव आ जाते हैं, ऐसे में वाहन पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाता है।

# जेसीबी वाहन चालक की लापरवाही से बुजुर्ग की मौत

**गोंदिया.**



गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम भडंगा के खेत में जेसीबी वाहन क्रमांक एमएच 35 एडब्ल्यु 5245 का चालक जयेंद्र हरिचंद्र जगनीत (36) कार्य कर रहा था। इस दौरान लापरवाहीपूर्वक काम करने के कारण भडंगा निवासी रूपलाल धोंडुजी पटले (67) उसके वाहन से घायल हो गया। इसके बाद उसे सहयोग अस्पताल में भरती किया गया। तबीयत अधिक बिगडने पर उसे नागपुर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। यह घटना 16 नवंबर को घटी। फरियादी किशोर राधेलाल पटले (36) की रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक फौजदार कंठीलाल धारणे कर रहे है।

# जननायक ने रचा इतिहास, गोंदिया में खिला कमल

> विनोद अग्रवाल की 61 हजार 464 मतों से रिकॉर्डतोड़ जीत

**गोंदिया.**

जनता के विधायक की कोशिश कामयाब हुई। आखिरकार गोंदिया में अंधेरा छटा, सूरज निकला और कमल का उदय हो ही गया। जन-जन के नायक बनें विनोद अग्रवाल ने कमल खिलाकर गोंदिया में इतिहास कायम कर अपना नाम राजनीति की किताब में स्वर्ण अक्षरों में लिखने का रिकॉर्ड कायम किया है।

जिस कमल ने अबतक गोंदिया से जीत दर्ज नहीं की, उस कमल का उदय जनता के प्रेम आशिर्वाद से बंपर मतों से हुआ है। कमल खिलने पर जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। हर समाजवर्ग ने जननायक विनोद अग्रवाल के दुसरी बार विजयीश्री प्राप्त करने पर खुशी जाहिर की।



महायुति प्रत्याशी विनोद अग्रवाल ने 1 लाख 41 हज़ार 896 रेकॉर्ड मत लेकर अपने निकट प्रतिद्वंद्वी रहे कांग्रेस प्रत्याशी गोपालदास अग्रवाल को 61हजार 464 मतों से चारो खाने चित कर दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी गोपालदास अग्रवाल को मात्र 80 हजार 432 मत पर पराजय स्वीकार करना पड़ा।

विनोद अग्रवाल की जीत उसी दिन मानी जा रही थीं जब उनकी प्रचार सभाओं में जनसैलाब के रूप में उमड़ी जनता की अपार गर्दी उन्हें आशिर्वाद दे रही थी। हर गाँव एवं शहर से उन्हें अपार जनसहयोग मिलने पर जनता के आमदार ने सभी जनता का, लाडली बहना का एवं महायुति के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का सहहृदय आभार व्यक्त किया और गोंदिया का विकास चौगुनी रफ्तार से आगे बढ़ेगा ये विश्वास व्यक्त किया।

मतगणना के दौरान निरंतर नतीजों में बढ़त बढ़े रहने पर कार्यकर्ताओं ने दिल खोलकर, गुलाल उड़ाकर, आतिशबाजी कर एवं जनता के आमदार को पुष्प माला पहनाकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा की ये जीत गोंदिया के लिए ऐतिहासिक जीत रही, जिसे भाजपा एक पल के लिए भी खोना नहीं चाहती थी।

अपार मतों से जीत के बाद जनता के आमदार के दूसरी बार ऐतिहासिक जीत और गोंदिया में पहली बार कमल के खिलने पर जीत का जश्न मनाया गया। फुलचुर से शिवाजी महाराज चौक पहुँचकर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को माल्यार्पण कर अभिवादन किया पश्चात, मनोहर चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए परम पूज्य बाबासाहब आंबेडकर चौक पहुँचकर वहां विश्व रत्न महामानव डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर अभिवादन किया गया।

जीत के जलसे में जगह जगह नागरिकों ने दिल खोलकर नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत, वंदन, अभिनंदन किया।

### डिप्टी सीएम फडणवीस, नितिन गडकरी, प्रफुल्ल पटेल, बावनकुले ने दी फोन पर बधाइयां

चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर गोंदिया में कमल खिलाने पर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद प्रफुल्ल पटेल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, विधायक डॉ. परिणय फुके, पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, गौरीशंकर बिसेन, बालाघाट सांसद भारती पारधी, रमेश भटेरे, शिवसेना जिलाप्रमुख मुकेश शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष येशुलाल उपराडे, सहित अनेक मंत्रियों, विधायकों एवं महायुति के पदाधिकारियों ने जीत की बधाई दी।

# विदर्भ में कांग्रेस के नेतृत्व वाली एमवीए की हार

> भाजपा ने 45 सीटों के साथ ऐतिहासिक जीत हासिल की

**वर्धा.**

भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना (शिंदे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस के गठबंधन महायुति ने विदर्भ में 62 में से 53 सीटें जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भाजपा ने 45 सीटें जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो 2014 में नरेंद्र मोदी की पहली सुनामी में मिली 44 सीटों से अधिक है। यह परिणाम सभी चुनावी पंडितों के लिए एक बड़ा आश्चर्य है, क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली एमवीए जो विदर्भ में क्लीन स्वीप की उम्मीद कर रही थी, उसे धूल चाटनी पड़ी। कांग्रेस और शिवसेना के शीर्ष नेता नीचे गिर गए हैं, जबकि एनसीपी (पवार) का पूरी तरह सफाया हो गया है।

इस क्षेत्र की 62 सीटों में से कम से कम 35 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने की लड़ाई में थे। एक बार फिर यह साबित हो गया है कि सीधे मुकाबलों में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ती है। कांग्रेस के लिए चौंकाने वाली बात यह रही कि उसके प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार नाना पटोले भंडारा जिले की सकोली सीट पर भाजपा के अविनाश ब्रह्मणकर से हार गए। अन्य दिग्गज जो बुरी तरह हारे हैं, उनमें यवतमाल की दिग्रास सीट से पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माणिकराव ठाकरे शामिल हैं, जिन्हें सेना (शिंदे) के संजय राठौड़ ने हराया। अमरावती जिले की तेओसा सीट पर यशोमति ठाकुर को पार्टी के आइकॉन राहुल गांधी की कोर सदस्य माना जाता है। विदर्भ की अंतिम तालिका में भाजपा को 45, कांग्रेस को 7, शिवसेना (शिंदे) को 5, एनसीपी (पवार) को 3, शिवसेना (यूबीटी) को 2, तथा एनसीपी (पवार) को कोई भी सीट (0) नहीं मिली।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली एमवीए सातवें आसमान पर थी क्योंकि उसे उम्मीद थी कि वह लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन को दोहराएगी जब उसने 10 संसदीय क्षेत्रों में से 7 सीटें जीती थीं जबकि महायुति को केवल 3 सीटें मिली थीं।

### विदर्भ विधानसभा सीट के बारे में

ऐतिहासिक रूप से, विदर्भ कांग्रेस पार्टी का गढ़ रहा है, जिसने 1990 तक चार दशकों तक इस क्षेत्र की महाराष्ट्र की राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव बनाए रखा। हालांकि, उसके बाद, भाजपा ने इस क्षेत्र में गंभीर पैठ बना ली है और अब राजनीतिक परिदृश्य पर हावी हो रही है, इतना कि आज घोषित परिणामों में, कांग्रेस गोंदिया, भंडारा, अमरावती, बुलढाणा जिलों से पूरी तरह से साफ हो गई है और इन चार जिलों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। इस चुनाव में उल्लेखनीय विजेताओं में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हैं, जिन्होंने नागपुर दक्षिण-पश्चिम में अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी प्रफुल गुडाधे-पाटिल को 30,000 से अधिक मतों के अंतर से हराकर अपना छठा कार्यकाल हासिल किया। राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने भाजपा के लिए अपनी सीट को सफलतापूर्वक बरकरार रखा, 2019 के चुनावों में उन्हें टिकट देने से इनकार कर दिया गया था, जब भाजपा ग्रामीण नेता टेकचंद सावरकर को नामित किया गया था और उन्होंने जीत हासिल की थी।



# एस-आईएलएफ ने स्थापना दिन पर मनाया जश्न

**नई दिल्ली.** ससाकावा-इंडिया लेप्रसी फाउंडेशन (एस-आईएलएफ) ने आज नई दिल्ली के विश्व युवा केंद्र (वीवाईके) में अपने 18वें स्थापना दिवस का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों के सशक्तिकरण, समावेशन को बढ़ावा देने और भेदभाव तथा कलंक से लड़ने के लिए लगभग दो दशकों की समर्पित कोशिशों को समर्पित था.

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बैजयंत पांडा और कुष्ठ उन्मूलन के लिए डब्ल्यूएचओ के गुडविल एंबेसडर योहेई ससाकावा शामिल हुए. अन्य विशिष्ट अतिथियों में सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी, एस-आईएलएफ के चेयरमैन तरुण दास और एसोसिएशन ऑफ पीपल अफेक्टेड बाय लेप्रसी (एपीएएल) की अध्यक्ष माया रणावरे भी उपस्थित रहीं. अपने संबोधन में, एस-आईएलएफ के चेयरमैन तरुण दास ने कलंक मुक्त समाज के निर्माण में निरंतर प्रयासों और साझेदारियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "पिछले 18 वर्षों की हमारी यात्रा लचीलापन और सहयोग का प्रतीक रही है. व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों के समर्थन ने जीवन को बदलने और हाशिए पर खड़े लोगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए वैश्विक अधिवक्ता योहेई ससाकावा ने इस लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा, "मैं एस-आईएलएफ के साथ खड़ा होने पर गर्व महसूस करता हूं जो कुष्ठ रोग को समाप्त करने और भेदभाव से लड़ने का प्रयास कर रहा है. सरकारों और समुदायों के सहयोग से हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जहां कोई भी पीछे न छूटे.

# चुनाव ड्यूटी पर तैनात शिक्षक ही मतदान से वंचित

> विधायक सुधाकर अडबाले ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की जांच की मांग



## जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कार्रवाई की जाए: अडबाले

चुनाव प्रक्रिया में स्वयं योगदान देने के बावजूद उन्हे ही मतदान का अधिकार नहीं मिला। ऐसा उन्होने आरोप लगाया है। जिसके बाद इस गंभीर विषय की गहराई से जांच कर जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को टाला जा सके। यह मांग विधायक सुधाकर अडबाले ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य सचिव से की है।

**गोंदिया.**

राज्य में 20 नवंबर को संपन्न मतदान की प्रक्रिया में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारी पुरी तरह निभाई। लेकिन ड्युटी पर तैनात अनेक कर्मचारियों को पोस्टल बॅलेट नहीं मिलने के कारण उन्हे मतदान से वंचित रहना पड़ा। इस मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारीयों पर कार्रवाई करने की मांग विधायक सुधाकर अडबाले ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं शासन के मुख्य सचिव से की है।

गौरतलब है कि चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए सभी जिलों में विविध विभागों के कर्मचारियों के साथ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ती की गई थी, इसके लिए उन्हे प्रशिक्षण भी दिया गया। पहले प्रशिक्षण के समय पोस्टल बॅलेट के लिए उनसे फार्म नं. 12 भरकर मांगा गया था। इसके साथ मतदान कार्ड की झेरॉक्स प्रति ली गई थी, लेकिन फार्म नं. 12 भरने के बाद भी अनेक शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बीएलओ को पोस्टल बॅलेट पेपर नहीं मिलने के कारण वे मतदान से वंचित रहे। चुनाव ड्युटी पर तैनात कर्मचारियों को मतदान का हक मिलना ही चाहिए। पोस्टल बॅलेट नहीं मिलने से उनका अधिकार वे उपयोग में नहीं ला सके। यह गंभीर विषय है। कुछ शिक्षक एवं कर्मचारियों ने इसकी जानकारी विधायक अडबाले को दी।



# महायुति की ऐतिहासिक जीत के बाद तीन दिग्गजों की मुलाकात

> फडणवीस और बावनकुले ने की गडकरी से मुलाकात

**नागपुर.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुती की ऐतिहासिक जीत के बाद, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने आज नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निवास पर उनसे मुलाकात की। इस भेंट के दौरान, गडकरी ने भाजपा-महायुती की इस शानदार जीत पर दोनों नेताओं को शुभकामनाएं दीं और इस अवसर पर खुशी जाहिर की। महायुती की इस जीत ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ा है और पार्टी के नेता इस अभूतपूर्व सफलता का जश्न मना रहे हैं।




# महिला मंडल ने किया दिवाली मिलन का आयोजन

**सौंसर.** महिला मंडल द्वारा दिवाली मिलन और छप्पन भोग (अन्नकूट का आयोजन किया गया जिसमें भजन भोजन का आयोजन किया गया सभी ने बहुत सारी सामग्री अपने अपने घरोसे बनाके लाई और साथ ही सब एक साथ बैठके भोजन प्रसादी का आनंद राम मंदिर में लिया गया साथ ही गत दिन पहले हमने हमारी मंडल की कार्यकारिणीय संगठन की एक सदस्य (ज्योती जी भूतड़ा रमाकोना)को हमने खोया जिनको भावपूर्ण मोन श्रद्धांजलि अर्पित की सभी सदस्याओं ने बहुत उत्साह के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई.

# 90 हजार का बिल देखकर भड़का ग्राहक

> गुस्से में इलेक्ट्रिक स्कूटर को हथौड़े से तोड़ा



**मुंबई.** हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में, एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर ग्राहक ने कंपनी की सेवाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्कूटर में तोड़फोड़ की। वायरल वीडियो में एक शख्स गीले शोरूम के सामने पड़े स्कूटर को हथौड़े से तोड़ देता है. इसके बाद कुछ अन्य लोग भी हथौड़े से स्कूटर को पूरी तरह तोड़ देते हैं. वीडियो के कैप्शन में लिखा है, "शोरूम द्वारा ₹90,000 का बिल देने के बाद गुस्साए ग्राहक को गुस्सा आ गया और उसने गुस्से में स्कूटर को तोड़ दिया।"

इस वीडियो के वायरल होने के बाद कई लोगों ने ओला इलेक्ट्रिक की खराब ग्राहक सेवा की आलोचना की। इससे पहले, कॉमेडियन कुणाल कामरा ने ग्राहक सेवाओं को लेकर ओला के सीईओ भाविश अग्रवाल पर कटाक्ष किया था। कामरा ने ओला सर्विस सेंटर पर स्कूटरों की भीड़ की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, "भारतीय ग्राहकों के पास आवाज है? कई दैनिक श्रमिकों के लिए, बाइक उनकी जीवन रेखा है। ऐसे में उन्हें ये झेलना पड़ेगा?"

कामरा के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए अग्रवाल ने उनके आरोप को "पेड ट्वीट" बताया। उन्होंने लिखा, "कुणाल, अगर तुम इतनी परवाह करते हो तो आओ और हमारी मदद करो। मैं आपको इस भुगतान किए गए ट्वीट या आपके असफल कॉमेडी करियर से अधिक भुगतान करूंगा। अन्यथा चुप रहें और हमें वास्तविक ग्राहक समस्याओं का समाधान करने दें। हम सर्विस सेंटर का विस्तार कर रहे हैं और लंबित काम जल्द पूरा करेंगे।

**ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर और बिजली बिल**


जहां ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की लोकप्रियता बढ़ रही है, वहीं उपभोक्ता बिजली बिल को लेकर भी चिंतित हैं। कई उपयोगकर्ताओं ने बताया है कि स्कूटर को चार्ज करने के लिए आवश्यक बिजली औसत से अधिक महंगी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रति 100 किलोमीटर पर औसतन 3.5-4 यूनिट बिजली की खपत करता है। इससे बिजली का बिल उसके उपयोग और चार्जिंग समय के आधार पर प्रति माह ₹450-₹650 तक बढ़ सकता है।

हालांकि ओला इलेक्ट्रिक ने ईंधन की बचत और पर्यावरण मित्रता पर जोर दिया है, लेकिन कई लोग खराब ग्राहक सेवा, उच्च रखरखाव लागत और भारी बिजली बिल के कारण आर्थिक रूप से पीड़ित हैं। इसलिए ओला को ग्राहकों की समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान देना होगा।

# पेट्रोलिंग के दौरान दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या

> एनकाउंटर के बाद आरोपी अरेस्ट

**दिल्ली.**



गोविंदपुरी इलाके में शनिवार सुबह दिल्ली पुलिस के सिपाही की हत्या से सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान किरण पाल के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार, सिपाही को चाकू घोंपकर मौत के घाट उतारा गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. इस घटना में शामिल एक बदमाश दीपक को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया.

गश्त के दौरान सिपाही किरणपाल ने आरोपी दीपक मैक्स और उसके साथी को नशे की हालत में पकड़ा था जो चोरी करने जा रहे थे. उसी दौरान आरोपी दीपक मैक्स और उसके साथी ने सिपाही किरणपाल पर चाकू से हमला कर दिया. सिपाही किरणपाल ने अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया था. यह वारदात गोविंदपुरी के गली नंबर 13 में हुई थी. स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह जब वो जागे तो उन्हें वारदात के बारे में पता चला. मृतक कांस्टेबल के पेट और छाती पर चाकू के निशान थे. सिपाही वर्दी में था और सरकारी मोटरसाइकिल भी पास में पड़ी मिली. पुलिस ने मामले का खुलासा करने के लिए कई टीमें गठित की. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और आरोपियों की पहचान की.

शुरुआती जांच में एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी हत्या के बाद भागते दिखे थे. स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना चौंकाने वाली है क्योंकि जिस जगह हत्या हुई, वह एक मुख्य सार्वजनिक स्थान है.



# बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र के चल रही गाड़ियों के ट्रैफिक पुलिस ने काटे चालान

> 164 करोड़ रुपये वसूले

**दिल्ली.** वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना चल रही गाड़ियों पर सख्ती बढ़ा दी है. पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 1 अक्टूबर से 22 नवंबर के बीच 1.64 लाख गाड़ियों पर 164 करोड़ रुपये के चालान काटे गए. पीयूसीसी के बिना वाहन चलाने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाता है. इस साल अब तक 3.87 लाख वाहन चालकों पर बिना पीयूसीसी के गाड़ी चलाने के लिए कार्रवाई हुई. इस सर्दी के मौसम में 6,531 ऐसी गाड़ियां, जिनमें 10 साल पुरानी पेट्रोल और 15 साल पुरानी डीजल गाड़ियां शामिल हैं, जब्त की गईं. पुलिस ने बताया कि इस दौरान 872 गाड़ियों को निर्माण सामग्री और मलबा सही तरीके से न ढकने के लिए भी पकड़ा गया. इस उल्लंघन पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया.

18 नवंबर से जीआरएपी-4 के लागू होने के बाद अब तक 20,743 चालान पीयूसीसी न होने के कारण काटे गए। इसके अलावा, 736 पुरानी गाड़ियां जब्त की गईं. अक्टूबर 15 से दिल्ली की सीमाओं पर 13,762 गैर-लक्षित ट्रकों को वापस भेजा गया.

**पीयूसीसी ना होने के कारण काटे गए चालान**

जीआरएपी4 लागू होने के बाद 2,944 ट्रकों को प्रवेश से रोका गया. 1.36 लाख ट्रकों की जांच हुई, जिनमें से 16,264 को वापस लौटा दिया गया. विशेष आयुक्त (ट्रैफिक) अजय चौधरी ने कहा, प्रदूषण नियमों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है ताकि वायु गुणवत्ता में सुधार हो सके. डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (ट्रैफिक) शशांक जायसवाल ने वाहन मालिकों से जिम्मेदार बनने और वैध पीयूसीसी प्राप्त करने की अपील की.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 255-2 | 234-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 380-1 | 244-0 |
| प्रभात | 446-4 | 120-3 |
| प्रभात नाईट | 579-1 | 335-1 |
| डायमंड | 147-2 | 167-4 |
| मेन बाजार | 448-6 | 124-7 |
| मिलन डे | 678-1 | 270-9 |
| मेन रतन | 447-5 | 770-4 |
| कल्याण | 268-6 | 689-3 |
| राजधानी डे | 400-4 | 189-8 |
| राजधानी नाईट | 349-6 | 299-0 |
| कुबेर डे | -- | -- |
| डायमंड नाईट | 268-6 | 258-5 |

# कंपनी के गोदाम में लगी भीषण आग

**पालघर.** औद्योगिक क्षेत्र के पास एक फैक्ट्री के गोदाम में आज सुबह भीषण आग लग गई. इस आग में गोदाम में तैयार और कच्चा माल जलकर खाक हो गया. आग के कारण बोइसर इलाके में आसमान में भारी मात्रा में काला धुंआ फैल गया, नागरिकों को काफी प्रदूषण झेलना पड़ा. तारापुर औद्योगिक क्षेत्र के पास बेटेगांव स्थित रस्सी बनाने वाली फैक्ट्री रिस्पॉन्सिव इंडस्ट्रीज के गोदाम में गुरुवार सुबह करीब सात बजे भीषण आग लग गई।

# कोल्हापुर में गाय के दूध की खरीद कीमत में 2 रुपये की कमी

**कोल्हापुर.**

राज्य में दूध को सबसे ज्यादा कीमत देने का कोल्हापुर जिले का रिकॉर्ड विधानसभा चुनाव के मतदान के तुरंत बाद से खत्म होने लगा है. शुक्रवार को बताया गया कि जिले के निजी और सहकारी दुग्ध संघों ने गाय के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 30 रुपये प्रति लीटर करने का फैसला किया है. इससे दूध उत्पादकों को दस फीसदी यानी तीन रुपये कम दाम मिलेंगे.

निजी एवं सहकारी दुग्ध संघ के कोल्हापुर संभाग के डेयरी प्रतिनिधियों की यहां बैठक हुई। बाजार में दूध पाउडर, मक्खन, दूध की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, इस मुद्दे पर गहन चर्चा हुई. महाराष्ट्र सरकार अक्टूबर से 3.5 फैट और 8.5 एसएनएफ गाय का दूध खरीदेगी। प्रति लीटर न्यूनतम कीमत रु. पूरे महाराष्ट्र में अन्य टीमें गाय का दूध 27-28 रुपये में खरीद रही हैं।

केवल कोल्हापुर जिले में यह दर 33 रुपये यानी 6 रुपये प्रति लीटर अधिक है. अब से गाय के दूध की उपलब्धता अच्छी होगी. ऐसे में दूध की खरीद दर कम करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था. इस बैठक में 21 नवंबर से गाय का दूध खरीदने की कीमत 33 रुपये की जगह 30 रुपये करने का फैसला लिया गया. बैठक में गोकुल, राजारामबापु मिल्क, वराना, भारत डेयरी और अन्य दुग्ध संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।





# औलिया कुलसुम अम्मा का उर्स 29 से

**कोंढाली.** मुंबई राज मार्ग 53(06) पर कोंढाली स्थित सभी धर्मों के भाविकों के पूजा स्थल औलिया कुलसुम अम्मा का उर्स 29 और 30 नवंबर और 1 दिसंबर को कोंढाली में आयोजित किया गया है. नागपुर-अमरावती राजमार्ग पर बस स्टेशन के सामने आयोजित इस सर्व धर्मिय समभाव के प्रतिक कुलसम अम्मा के दरगाह पर 28 नवंबर को गुस्ल और मिलाद किया जाएगा. 29 नवंबर को दोपहर 3 बजे निशान पोशी की जायेगी. निशान पोशी के बाद कोंढाली नगर पंचायत के बस स्टेशन, चांदणी चौक,दाणा गंज, पोलीस स्टेशन मार्ग, राम नगर, उमाठे नगर, राऊत पुरा, बाजार चौक,टका देवस्थान, नगर पंचायत, शनिवारपेठ, विठ्ठल मंदिर, राम मंदिर, सराफा ओली, मेडिकल चौक होता हुआ मुख्य मार्ग से संदल निकला जायगा.

# 'ईवीएम' के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे; हार के बाद वडगांव से प्रत्याशी शेरी आक्रामक हैं

**पुणे.**

पॉर्श कार दुर्घटना मामले के कारण राज्य भर में चर्चा में रहे वडगांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र में राकांपा (अजित पवार) के उम्मीदवार और निवर्तमान विधायक सुनील टिंगरे करीबी मुकाबले में हार गए। इस सीट से एनसीपी (शरद पवार) के उम्मीदवार बापू पठारे ने जीत हासिल की है. मतगणना के पहले दौर से ही निवर्तमान विधायक सुनील टिंगरे वडगांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र से आगे चल रहे थे। जबकि टिंगरे पंद्रह हजार वोटों के बहुमत से आगे चल रहे थे, अचानक बापू पठारे ने उनका बहुमत तोड़ दिया और बढ़त बना ली। इस सीट से हुलगेश चलवाड़ी बहुजन समाज पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे थे. इस सीट पर नतीजे चौंकाने वाले हैं.



वडगांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार डॉ. हुलगेश चलवाड़ी ने आरोप लगाया कि ईवीएम प्रणाली में गलती थी, जिसके कारण 50,000 से अधिक योग्य वोट नहीं मिले। हालांकि ईवीएम प्रणाली को लेकर कई शिकायतें हैं, क्योंकि चुनाव चक्र इस पर निर्भर करता है, अब वे इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे और जल्द ही वे अदालत में जनहित याचिका दायर करेंगे।

यह पैसे और ईवीएम का वोट है क्योंकि स्थापित पार्टियों ने इस बार निर्वाचन क्षेत्र में भारी मात्रा में पैसा बांटा है; जनता की राय नहीं. उन्होंने यह भी चौंकाने वाला आरोप लगाया कि वडगांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 150 करोड़ रुपये बांटे गए। निर्वाचन क्षेत्र में दलित, पिछड़ा वर्ग, ओबीसी, अल्पसंख्यक मतदाता बड़ी संख्या में हैं। ये सभी वोटर बहुजन समाज पार्टियों के पक्ष में वोट करते हैं. इस साल इस सीट पर बसपा की सरकार थी. विभिन्न बस्तियों, सोसायटियों और मोहल्लों में बसपा की ही चर्चा रही।

# महायुति की जीत अटूट विश्वास का प्रमाण: डॉ.अग्रवाल

**नागपुर.**



चैंबर ऑफ एसोसिएशन्स ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड के अध्यक्ष डॉ. दीपेन अग्रवाल ने कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा और महायुति गठबंधन को मिली ऐतिहासिक और प्रचंड जीत जनता के उनके नेतृत्व और विकास दृष्टि में अटूट विश्वास का प्रमाण है। यह जीत महाराष्ट्र में प्रगति और सुशासन के एक नए अध्याय की शुरुआत है। चुनाव में जनता ने इस नेतृत्व द्वारा अपनाई गई परिवर्तनकारी नीतियों और समावेशी विकास के एजेंडे का स्पष्ट समर्थन किया है। यह हर नागरिक की एक समृद्ध, सुरक्षित और प्रगतिशील महाराष्ट्र की आकांक्षा को दर्शाता है। इस आशाजनक युग में उद्योग और व्यापार जगत सरकार के साथ साझेदारी करके आर्थिक प्रगति को गति देने, अवसरों का सृजन करने और राज्य के सभी क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है। हम भाजपा और महायुति नेतृत्व को इस अद्वितीय सफलता पर हार्दिक बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि वे जनता की अपेक्षाओं को पूर्ण करने में सफल होंगे।

# कपास की फसल पोर्टल पर नहीं

> सीसीआई खरीदी में देरी से किसान परेशान, करना होगा इंतजार



**सौंसर.** तहसील की प्रमुख फसल कपास को लेकर किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। किसानों को सीसीआई (कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) के माध्यम से कपास बेचने के लिए पंजीयन कराने में समस्याएं हो रही हैं। इसका मुख्य कारण गिरदावली पोर्टल पर कपास की फसल का नहीं दिखना बताया जा रहा है।

कपास बाजार में आए हुए एक महीने का समय हो चुका है, लेकिन सीसीआई द्वारा खरीदी प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है। पोर्टल पर 2024-25 की फसल दर्ज न होने से किसानों का पंजीयन रुका हुआ है। किसानों का कहना है कि समय पर खरीदी न होने से उन्हें समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा और व्यापारी नमी के नाम पर कम दाम देकर खरीदी कर रहे हैं।

खरीफ सीजन 2024-25 में सौसर तहसील में 27,973 हेक्टेयर क्षेत्र में कपास की खेती हुई है। यह फसल तहसील के किसानों की मुख्य आय का स्रोत है। मौजूदा समय में मंडी में कपास का औसत मूल्य ₹7,000 प्रति क्विंटल तक मिल रहा है, जो कि सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य (₹7,521 - ₹7,121 प्रति क्विंटल) से कम है।

तीन दिन पहले सांसद विवेक साहू ने सीसीआई अधिकारियों को जल्द से जल्द खरीदी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। सौसर और पांढुर्णा के किसानों ने सांसद से इस समस्या को लेकर शिकायत की थी। राजस्व विभाग के गिरदावली पोर्टल पर इस वर्ष की फसल नहीं दिखाई दे रही है, जिससे पंजीयन अटका हुआ है। सीसीआई सौसर के प्रभारी प्रीतेश सुरंजे ने बताया कि तकनीकी समस्या के कारण पोर्टल पर सुधार कार्य जारी है और कुछ गांवों की फसल अब पोर्टल पर दिखने लगी है।

## किसानों की उम्मीद सीसीआई पर

किसानों का मानना है कि सीसीआई की खरीदी शुरू होने से उन्हें अपनी फसल के लिए समर्थन मूल्य मिल सकेगा। एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने बताया कि पोर्टल की समस्या को शीघ्र सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

व्यापारी नमी का बहाना बनाकर कम दाम पर फसल खरीद रहे हैं। अगर सीसीआई की खरीदी शुरू होती है, तो हमें सही दाम मिलेंगे। तकनीकी समस्या के कारण पोर्टल पर गिरदावली की जानकारी नहीं आ रही है। समस्या के समाधान के बाद पंजीयन शुरू कर खरीदी की जाएगी। पोर्टल सुधार का काम जारी है। कुछ गांवों की फसल दिखनी शुरू हो गई है। किसानों को जल्द राहत मिलेगी।



# दिल्ली में खतरनाक स्तर पर बरकरार एक्युआई, जानें पॉल्यूशन लेवल

**दिल्ली.** वायु गुणवत्ता में आज, शनिवार 23 नवंबर को एक बार फिर भारी गिरावट देखने को मिली है. आज दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में दर्ज किया गया है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज सुबह 7 बजे दिल्ली में 24 घंटे का औसत समग्र एक्युआई 421 है, जो कि गंभीर श्रेणी में है. दिल्ली के 39 स्टेशनों में से 28 स्टेशन गंभीर या अत्यधिक गंभीर श्रेणी में हैं. वहीं, दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट का मुख्य कारण शांत हवा की गति और प्रदूषकों की कम मिश्रण ऊंचाई को माना जा सकता है.

प्रदूषण से बचने के लिए घर से बाहर निकलने पर अपने मुंह और नाक को अच्छे से ढंक लें या मास्क लगा कर निकलें. आंखों की एलर्जी से बचने के लिए आंखों पर चश्मा लगाकर निकलें. ज्यादा प्रदूषण में घर में एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें. वहीं, घर के बच्चे और बुजुर्गों को बाहर निकलने से रोके. ऐसे में पार्क में खेलने जाने वाले बच्चों को घर पर ही इनडोर गेम्स खेलने को कहें. अगर आप मॉर्निंग और इवनिंग वॉक पर जाते हैं तो कुछ दिन बाहर न जाएं, नहीं तो ज्यादा प्रदूषण में सांस संबंधी समस्या हो सकती है.